फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री रूपसिंह पिता श्री चोखा सिंह नि0 धोला कि ओड़, धुरावड़ तहसील गढ़बोर जिला राजसमन्द **— अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ़ **— प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 63 / 2024**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 26.09.2024 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ़ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ़ से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ़ से जरिये पृष्ठांकित अपीलार्थी क्रमांक / सू.काअधि.05 / 2024 / 1283 दिनांक 27.08.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचना के लिए तहसीलदार गढबोर को लिखा गया। जिस पर तहसीलदार गढबोर के पत्रांक / भू.अ. / सू.अ. / 2024 / 952—953 दिनांक 24.07.2024 के द्वारा जारी की गयी। वांछित सूचना उक्त अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत अपीलार्थी को भिजवा दी गई है। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ़ कि रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार गढ़बोर द्वारा क्रमांक— राजस्व / सू.अ.अ. / 2024 / 439 दिनांक 28.08.2024 से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध करा दी जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ़ तथा लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार गढ़बोर को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** 26/9 लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	